दिन– गुरुवार दिनांक– 23/01/2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को उनकी एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती पर नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश नेता जी से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। नई दिल्ली के संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, काग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————

प्रदेश में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से पटना के गांधी मैदान के समीप नेताजी की प्रतिमास्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

———————————————————

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल चौबीस जनवरी दो हजार पच्चीस को बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगें। उपराष्ट्रपति भारतरत्न स्वंर्गीय कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती के अवसर पर बिहार के समस्तीपुर में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

———————————————————

प्रयागराज रेलवे डिवीजन ने मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को देखते हुए एक सौ पचास स्पेशल मेला ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। यह विशेष रेलगाडियां प्रयागराज के सभी नौ स्टेशनों से चलाई जाएंगी ताकि श्रृद्धालु सुगमता से यात्रा कर सकें।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमान ने प्रगति यात्रा के दौरान आज सहरसा जिले में दो सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्धाटन किया। मुख्यमंत्री ने जिले के सत्तरकटैया प्रखंड के मेनहा में प्लस टू उच्च विद्यालय, बालिका विद्यालय और छात्रवास का उद्घाटन किया। उन्होंने जीविका दीदियों से संवाद भी किया।

———————————————————————

सर्द पछुवा हवा के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न भागों में ठंड की स्थिति बनी हुई है। वहीं, गया, नवादा, जमुई, बांका समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी में शीतदिवस दर्ज किया गया। यहां का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है।

———————————————————————

गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या चार और पांच पर विकासात्मक कार्य जारी है। जिसके कारण रेलवे ने इस स्टेशन से खुलने और गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन को छह मार्च तक रद्द कर दिया है। पूर्व–मध्य के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–गया पैसेंजर, किउल–गया पैसेंजर, गया–जमुई पैसेंजर समेत नौ ट्रेनों का परिचालन इक्कीस जनवरी से छह मार्च तक रद्द रहेगा। वहीं,

पटना–सासाराम, पटना–गया–गोमो और राजगीर–गया समेत कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

————————————————————————

मुंगेर जिले के जमालपुर में आज रेल कारखाने की दीवार टूटकर रेलवे ट्रैक पर गिर गई। जिसके कारण जमालपुर–भागलपुर स्टेशन के बीच रेल परिचालन घंटो बाधित हो गया। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार बचाव दल ने मौके पर पहुंच कर अपलाईन पर गिरे मलवे को हटाने का काम पूरा कर लिया। इस रेलखंड पर परिचालन सामान्य हो गया है।

————————————————————————

पटना एम्स में दो मरीजों का सफल किडनी प्रत्यारोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि पटना एम्स में अन्य जगहों के मुकाबले कम खर्च में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा दी जा रही है।

————————————————————————

समाप्त